This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No. .......................

# 3455

## LL.B./II Term B

## Paper LB-205 – PUBLIC INTERNATIONAL LAW-I

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 100**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any **five** questions.
**All** questions carry equal marks.
कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए ।
**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. "The rights and duties of states are in the final analysis rights and duties of individuals who compose the states and, therefore, individuals alone are the subjects of international law". Discuss critically.

"राज्यों के अधिकार और कर्त्तव्य फाइनल विश्लेषण में उन लोगों के ही अधिकार और कर्त्तव्य होते हैं जो राज्यों की रचना करते हैं । अत: व्यक्ति ही अन्तर्राष्ट्रीय विधि के एकमात्र विषय हैं ।" समीक्षात्मक विवेचन कीजिए ।

2. What is the status of regional custom or local custom as a source of international law ? Do you agree with the view that regional custom is part of international custom ? Discuss with the help of cases decided by International Court of Justice.

अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोत के रूप में क्षेत्रीय रूढ़ि या स्थानीय रूढ़ि की क्या प्रास्थिति है ? क्या आप इस मत से सहमत हैं कि क्षेत्रीय रूढ़ि अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि का भाग है ? अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए ।

3. Discuss whether the resolutions of U.N. General Assembly constitute a source of international law. Support your answer with the opinions of highly qualified publicists and the decided cases especially the Advisory Opinion of International Court of Justice in the case of Use or Threat of Use of Nuclear Weapons.

विवेचन कीजिए कि क्या संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प अन्तर्राष्ट्रीय विधि का स्रोत सृजित करते हैं । अपने उत्तर की पुष्टि उच्च योग्यता प्राप्त प्रचार-विशेषज्ञों और परमाणु शस्त्रों के प्रयोग या प्रयोग की धमकी के मामलें में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा विनिश्चित केसों – विशेषतया सलाहकारी राय से कीजिए ।

4. Do treaties which affect private rights <u>ipso</u> <u>facto</u> become part of the law of the land in India ? What is the practice in this regard in U.K. and U.S.A. ? Discuss with reference to the Constitutional provisions and the decided cases.

क्या वे संधियाँ, जो प्राइवेट अधिकारों को प्रभावित करती हैं, भारत में वहाँ की विधि का स्वयंमेव हिस्सा बन जाती हैं ? इस बारे में यू.के. तथा यू.एस.ए. में क्या परिपाटी है ? संवैधानिक उपबन्धों तथा विनिश्चित केसों के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए ।

5. What are constituent elements of state responsibility for internationally wrongful acts ? Discuss with reference to the Draft Code of International Law Commission on Responsibility of States for Internationally Wrongful Act, 2001.

अन्तर्राष्ट्रीय रूप में दोषपूर्ण कृत्यों हेतु राज्य उत्तरदायित्व के घटक तत्त्व क्या होते हैं ? अन्तर्राष्ट्रीय रूप से दोषपूर्ण कृत्यों हेतु राज्यों के उत्तरदायित्व पर अन्तर्राष्ट्रीय विधि आयोग के ड्राफ्ट कोड, 2001 के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए ।

6. What is the legal nature of rights of coastal and other states in the territorial waters ? How does territorial sea differ from contiguous zone ? Discuss in the light of U.N. Convention on the Law of the Sea, 1982 and Indian Maritime Zones Act, 1976.

राज्य क्षेत्रीय समुद्र में तटवर्ती तथा अन्य राज्यों के अधिकारों का विधिक स्वरूप क्या है ? राज्य क्षेत्रीय समुद्र संलग्न क्षेत्र से किस प्रकार भिन्न है ? समुद्र विधि पर यू.एन. कन्वेंशन, 1982 तथा भारतीय सामुद्रिक क्षेत्र अधिनियम, 1976 को ध्यान में रखते हुए विवेचन कीजिए ।

7. What is system of parallel seabed mining of the resources of international seabed area ? Discuss in the light of U.N. Convention on the Law of the Sea, 1982 and the Prepcom Agreement, 1994.

अन्तर्राष्ट्रीय समुद्रतल क्षेत्र के संसाधनों की समानान्तर समुद्रतल खनन की क्या प्रणाली है ? सामुद्रिक विधि पर यू.एन. कन्वेंशन, 1982 तथा Prepcom Agreement, 1994 को ध्यान में रखते हुए विवेचन कीजिए ।

8. What are procedures to enforce human rights as contained in the International Covenant on Civil and Political Rights, 1966 and International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966 ? Discuss.

सिविल तथा राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966 और आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966 में यथा समाविष्ट मानवीय अधिकारों का प्रवर्तन करने के लिए क्या प्रक्रियाएँ हैं ? विवेचन कीजिए ।